Annual report 17-18.pdf

# डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर, छ.ग.

## विशिष्ट कार्यों के संबंध में प्राचार्य द्वारा दिया गया प्रतिवेदन

## वर्ष 2017-18

1. **प्रवेश** – सत्रारंभ में महाविद्यालय में प्रवेश कार्य उच्च शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया गया। महाविद्यालय में कुल 965 छात्राओं ने प्रवेश लिया।

2. **एन्टी रेगिंग समिति**– सत्रारंभ में ही अनुशासन समिति एवं एन्टी रैगिंग समिति का गठन कर लिया गया। आज दिनांक तक महाविद्यालय में किसी भी छात्रा की रैगिंग संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। महाविद्यालय में अनुशासन बना रहे इसके लिए बाहरी तत्वों का प्रवेश रोका गया। सुप्रीमकोर्ट की धारणा के अनुकूल उडनदस्ता तथा एंटी रैगिंग स्कैवड (ARS) का गठन संपन्न किया गया

3. **छात्रवृत्तियाँ**– पिछड़ा वर्ग की 157 छात्राएं, अनु. जाति 21 अनु.जनजाति की 23 छात्राओं, को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियां, 228 छात्राओं की बी.पी.एल छात्रवृत्ति 04 अल्पसंख्यक एवं 06 मेरिट कम पोस्ट मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है। इस वर्ष डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत सामान्य वर्ग की 04 निर्धन छात्राओं का भी प्रस्तावत प्रेषित किया गया है।

4. **प्रोत्साहन पुरस्कार**– महिला सेवा एवं कल्याण समिति रायपुर द्वारा कला एवं विज्ञान संकाय की सर्वाधिक अंक प्राप्त अंतिम वर्ष की छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

5. **मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना**– महाविद्यालय में यह योजना प्रारंभ की गई जिसमें विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छात्रा, सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी कैडेट एवं सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस छात्रा को पुरस्कार दिए गए। यह पुरस्कार राशि दानदाताओं द्वारा दी गई। यह योजना अनवरत जारी रखी जाएगी। इस पुरस्कार योजना में समाज के गण मान्य नागरिकों के अलावा जनभागीदारी सदस्यों के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

6. **शैक्षणिक कैलेन्डर** – सत्र् 2017-18 के लिए उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर घोषित किया गया। छात्राओं के सम्यक मूल्यांकन की व्यवस्था हेतु

आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा का निर्देश है। महाविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। 'प्रथम सत्र् परीक्षा', 'द्वितीय सत्र् परीक्षा', 'प्री फाइनल परीक्षा' महाविद्यालय स्तर पर की गई। अंतिम परीक्षा वार्षिक परीक्षा की पूर्व तैयारी के सदृश्य कराई गई। इसके अतिरिक्त चार यूनिट टेस्ट मासिक लिए गए। महाविद्यालय में समस्त सातों परीक्षा आयोजित की गई ताकि छात्राएं अनवरत रूप से अध्ययनरत् रहें।

7. **खेलकूद**– छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के खेल केलेण्डर के अनुसार खेल विधाओं का आयोजन एवं प्रशिक्षण दिया गया।
शंतरज में महाविद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
वॉलीबॉल में महाविद्यालय की टीम ने सेमीफायनल तक अपने खेल का प्रदर्शन किया।
कबड्डी में महाविद्यालयीन टीम ने सेमीफायनल तक पहुँचकर अपने जौहर का प्रर्दशन किया।
एथलेटिक्स में सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता से कु. श्वेता बी.ए. भाग दो ने गोला फेक में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
अखिल भारतीय/ईस्ट जोन अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में वि.वि. का प्रतिनिधित्व
1. फुटबॉल – कु. प्रीति फुटान –B.Com II
2. सॉफ्टबॉल – कु. शोभा देवांगन –B.A.III
3. क्रिकेट – कु. माधुरी पनिका –B.A.II

8. **एनएसएस**– सत्र् 2016–17 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई निः स्वार्थ सेवाभाव से वर्षभर विभिन्न गतिविधयों मे भागीदारी करती है। इसमे मुख्यरूप से योगा दिवस, वृक्षारोपण, बाल जीवन ज्योति आश्रम में वस्त्रदान व आवश्यक वस्तुओं का दान, रायपुर शहर के पंडरी कपड़ा बाजार में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ कार्यकम में सक्रिय भागीदारी रही है। महाविद्यालय में 27 सितम्बर 2017 को आँख कान परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के समीप मठपारा बस्ती में स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी के साथ स्वास्थ व स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु संपर्क कार्य भी किया है। इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिये ज्ञानवर्धक व्याख्यान तथा कैरियर उन्नयन हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

9. **एनसीसी**– विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जून 2017 से फरवरी 2018 तक एन.सी.सी की गतिविधियां महाविद्यालय में संपादित की गयीं। जिसमें प्रथम वर्ष में 43 एवं द्वितीय वर्ष में 26 एवं तृतीय वर्ष में 09

छात्राओं ने प्रवेश लिया महाविद्यालय में कार्य दिवसों के दौरान हर शनिवार को परेड डे के तहत एन.सी.सी केडेटो को परेड का अभ्यास एवं थ्योरी क्लासेस ली गई। सत्र् 2017-18 में 09 कैडेटो ने "सी" सर्टिफिकेट एवं 09 कैडेटो ने "बी" सर्टिफिकेट के लिये परीक्षा उत्तीर्ण की है। सत्र् 2017-18 में 06 कैम्प अलग-अलग स्थान पर हुए है।

| कमांक | छात्राओं की संख्या | दिनांक से तक | | संस्था का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11 | 29/06/2017 | 08/07/2017 | इंदिरा गांधी कृषि वि.वि. रायपुर (छ.ग.) |
| 2. | 03 | 19/07/2017 | 28/07/2017 | बिलासपुर स्टेडियम (छ.ग) |
| 3. | 02 | 31/07/2017 | 09/08/2017 | बिलासपुर स्टेडियम (छ.ग) |
| 4. | 02 | 09/08/2017 | 18/08/2017 | सागर (म.प्र) |
| 5. | 19 | 21/11/2017 | 30/11/2017 | शंकराचार्य तकनीकी महाविद्यालय रायपुर (छ.ग) |
| 6. | 03 | 20/12/2017 | 29/12/2017 | शंकराचार्य तकनीकी महाविद्यालय रायपुर (छ.ग) |

कैम्प के दौरान 02 एन.सी.सी. कैडेटो को फायरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। 03 एन.सी.सी. कैडेटो को ड्रील में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दिनांक 21.06.2017 को विश्व योगा दिवस राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीय संस्थान रायपुर में मनाया गया। दिनांक 17.07.2017 को पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर में फलदार व छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। दिनांक 15/08/2017 को पुलिस ग्राउंड रायपुर में होने वाली ड्रील में 09 एन.सी.सी. कैडेटों ने भाग लिया एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सितम्बर एवं अक्टूबर माह में एन.सी.सी. कैडेटों ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई किया। दिनांक 01/09/2017 को नदी अभियान में एन. सी.सी. कैडेटों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नदी की सुरक्षा हेतु जन साधारण को जागरुक किया गया एवं शहर में आयोजित रैली में हिस्सा लिया। दिनांक 16/09/2017 को सफाई अभियान में सम्मिलित होकर एन.सी.सी. कैडेटों के द्वारा महाविद्यालय की सफाई की गई।

और नरेन्द्र मोदी ऐप के बारे में जागरुक किया। एस.जी.टी. अर्पिता त्रिपाठी बी.एस.सी.गणीत द्वितीय को सत्र 2017-18 के सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. छात्रा के पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया।

10. **ग्रंथालय-** छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए महाविद्यालय में ग्रंथालय की व्यवस्था है, जिसमें विभिन्न मदों को मिलाकर कुल 15943 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस सत्र में शासन द्वारा प्राप्त आबंटन से ग्रंथालय में 1069 पुस्तकों की वृद्धि हुई है। महाविद्यालय में 3 समाचार पत्र, 8 पत्रिकाएं तथा 08 शोध पत्रिकाएं नियमित रुप से आती हैं जिनका उपयोग छात्राएँ, शोधार्थी एवं प्राध्यापक करते हैं। ग्रंथालय में लाइब्रेरी मेनेजर, साफ्ट वेयर के माध्यम से कार्य प्रारंभ, 304 छात्राओं को बुक बैंक योजना के तहत् लाभान्वित किया गया ।

11. **सांस्कृतिक गतिविधियाँ-** महाविद्यालय में छात्राओं की मौलिक एवं रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने हेतु सत्र भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा। दिनांक 05.08.17 को थाली बनाओं एवे राखी बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 13.08.17 को छ.ग. शासन द्वारा आयोजित 5000 दिन आपके साथ के अन्तगर्त राज्य स्तरीय समुह नृत्य स्पर्धा में महाविद्यालय की छात्रओं ने भागीदारी कर तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों से 5000 रु. का पुस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तर पर 5000 दिन आपके साथ (छ.ग. राज्य युवा आयोग एवं स्टेट डेव्हलपेंमट एंड रिसर्च द्वारा आयोजित कार्यक्रम) के अंतर्गत दिनांक 09.08.2017 को चित्रकला एवं स्लोगन स्पर्धा आयोजित कि गई। दिनांक 15.08.2017 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विकास समिति द्वारा छात्राओं द्वारा दही हांडी लुट प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भागीदारी कर 5000.00 रु का सत्वनां पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 23.09.2017 को महाविद्यालय में मेंहदी स्पर्धा का आयोजन किया गया। दिनांक 13.09.2017 को पं. विष्णु प्रसाद जोशी जयंती के अवसर पर श्री राम संगीत महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन स्पर्धा में वाणी ठाकुर व शिवानी ठाकुर ने भागीदारी की। दिनांक 04.09.2017 को महाविद्यालय के गृह विज्ञान परिषद द्वारा आयोजित low cast nutrition receipe स्पर्धा प्रध्यापकों एवं छात्राओं ने भागीदारी की। दिनांक 04.09.2017 को Indian Diatetics द्वारा Nutrition week का आयोजन किया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम मंडल पंडरी रायपुर द्वारा दिनांक

10.11.2017 को आयोजित भाषण स्पर्धा में महाविद्यालय की कु. रवीना शर्मा व कु. कृति उपाध्याय ने भागीदारी की। दिनांक 18.11.2017 को महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत समूह गान, समूह नृत्य, एकल गान, एकल नृत्य का आयोजन किया गया।

12. **साहित्यिक गतिविधियां–** 29 जुलाई मुंशी प्रेमचंद जंयती के उपलक्ष्य में उनकी रचित कहानी '' बडे घर की बेटी का नाट्य रूपान्तर हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु त्रिवेदी के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालीयन छात्राओं द्वारा खेला गया। 8 सिंतबर से 14 सिंतबर 2017 तक हिन्दी व्याकरण : ''स्वरूप एवं प्रयोग'' विषय पर हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में कार्याशाला का आयोजन किया गया। 23 अक्टूबर 2017 को वार्षिकोत्सव के तहत समिति के द्वारा अन्तरमहाविद्यालयीन वाद–विवाद – विषय '' शिक्षा ही रोजगार का मुख्य साधन है'' पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भागीदारी दी। 10 दिसंबर 2017 को शैक्षणिक भ्रमण के तहत रायपुर के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निवास स्थल पर उनसे भेंट कर साहित्य रचना के प्रमुख बिंदुओं पर उनके विचार महाविद्यालय की छात्राओं ने सुना।

13. **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता –** महाविद्यालय में दिनांक 16.09.2017 छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य जानकरी पर, दिनांक 07.10.2017 को पर्यावरण से संबंधित जानकारी पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, दिनांक 20.11.17 को स्पोर्टस से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की गई। दिनांक 19.12.2017 को समसमायिक घटनाओं पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गयी दिनांक 04.01.18 से 06.01.2018 तक मानसिक गणित की सीरीज, गणित विभाग द्वारा महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए आयोजित की गई।

14. **कैरियर काउंसलिंग सेल–** * MYSY के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्रा कु. नैना सराफ बी.एस.सी. अंतिम वर्ष का चयन British Telecom Company में हुआ

- MYSY के अंतर्गत छात्राओं को छः दिवसीय प्रशिक्षण गणित विभाग द्वारा दिया गया।
- 16.07.2017 को अवसर अकादमी द्वारा पी.जी के छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करे पर Workshop कराया गया।
- 19.08.2017 को CG Topper Tutorial द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर Workshop कराया गया।

- 26.08.17 को CG Tutorial की ओर से Spoken English पर Workshop कराया गया।
- 28.08.2017 को chips एवं शासन की ओर से MYSY योजना पर workshop आयोजित हुआ जिसमें स्नातक के final year के student ने भाग लिया।
- 23.09.2017 को excel educational institution द्वारा ''बैंक परीक्षाओं की तैयारी'' पर workshop आयोजित हुआ।
- दिनांक 05.02.2018 – 07.02.2018 तक तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर CITCON द्वारा प्रायोजित था।
- 18.09.2017 से 22.09.2017 तक food presevation course जो शासन की ओर से था कराया गया।
- Cash Commitee द्वारा छात्राओं को जागरूक करने व आत्मनिर्भर करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से 16.12.17 को हिन्दी फिल्म पिंक का प्रर्दशन किया गया।
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत श्री सृजन एजुकेशन द्वारा कम्प्यूटर एवं विभिन्न विषयो पर प्रशिक्षण दिया गया।
- श्रेष्ठ एजुकेशन द्वारा अल्पसंख्यक समाज की बेहतरी हेतु एवं आर्थिक उन्नति हेतु 3 माह प्रतिक्षण हेतु जानकारी प्रदान की गयी।
- छ.ग. राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा रेड रिबन क्लब के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई।
- दिनांक 15.07.2017 को डॉ सुनीता सिंह एवं डॉ पुष्पावती द्वारा स्तन कैंसर संबंधी जानकारी प्रदान की गयी।
- 12.01.18 को अंग्रेजी विभाग द्वारा आसानी से अग्रेंजी बोलना कैसे सीखें हेतु कार्यशाला आयोजित कि गयी।
- 13.01.18 को लायंस क्लब के District Governor द्वारा भेंट सिलाई मशीनों द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

15. **वार्षिक पुरस्कार वितरण–** वार्षिकत्वसव के तहत् खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 06.11.2017 से ललित कला के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ। दिनांक 05.08.2017 से दिनांक 23.09.2017 के बीच आयोजित की गई। साहित्यक प्रतियोगिताएँ दिनांक 29.06.2017 व दिनांक 18.11.2017 को संपन्न हुई। इसके साथ ही सभी संकाय की छात्राओं के लिये सांइस क्लब के द्वारा सभी संकाय की छात्राओं के लिये विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की

गई। प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार का आयोजन 26.01.2018 को किया गया जिसमें सभी विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं संकाय के सर्वश्रेष्ठ छात्रा को पुरस्कृत किया गया । इस आयोजन में जनभागीदारी अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा जी, दानदाता श्री कमलेश जैन जो श्रीमती जयलक्ष्मी ठाकुर, सेवानिवृत कुलपति, बस्तर विश्वविद्यालय आंमत्रित थे।

16. **छात्रसंध चुनाव** – महाविद्यालय में दिनांक 05.09.2017 को प. रविशंकर वि.वि. की अधिसूचना के तहत छात्रसंघ चुनाव सपंन्न हुआ। जिसके अन्तर्गत प्राविण्य सूची के आधार पर छात्रसंघ के पदाधिकारियों एवं कक्षाप्रतिनिधियों का गठन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न समितियों का गठन किया गया। छात्रसंघ का शपथ ग्रहण दिनांक 12.09.17 को संपन्न हुआ जिसमें जनभागीदारी अध्यक्ष श्री मनोज वर्मा आंमत्रित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा शपथ दिलाई गई।

17. **शोध गतिविधियाँ–** महाविद्यालय में वर्तमान में सत्र 2017–18 में प्राचार्य द्वारा सी.जी.कॉस्ट का प्रोजेक्ट किया गया है। विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय कार्यशाला व अन्य संगोष्ठियों में महाविद्यालय की प्राचार्य रिर्सोस परसन के रूप में आमंत्रित की गई है। इस सत्र में अर्थशास्त्र में 03 और गृह विज्ञान में 01 छात्रा को पी.एच.डी उपाधि प्राप्त हुई हैं। अर्थशास्त्र में 12 और गृह विज्ञान में 03 छात्राओं का पी.एच.डी शोध कार्य जारी है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा 12 कार्यशाला एवं संगोष्टियों में रिसोर्स परसन, शोध पत्र वाचन एवं सहभागी के रूप में भागीदारी की । आई.एस.एस.एन. आई अंर्तराष्ट्रीय जनरल में गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, गणित के प्राध्यापकों ने अपने 15 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए है इसका इम्प्रेट फैक्टर 1 से 5 के बीच है।

18. **कार्यशाला व सेमीनार–** महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 10.03.2018 को राज्य स्तरीय सेमीनार विषय "Science and Technology for Harnessing Natural Resources towards Sustainable Development." पर आयोजित किया गया यह CGCOST द्वारा प्रायोजित था। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों में 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमीनार में "Rain Water Harvesting", Organic farming एवं Solar Energy जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। 15 poster presentation हुए विषय से संबंधित group discusion भी कराया गया।

19. **सामाजिक गतिविधियाँ:-** **सद्भावना कोष** - महाविद्यालय में सद्भावना कोष का गठन किया गया जिसे महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मुक्त हाथों से सहयोग राशि प्रदान की जाती है। जिसका उपयोग छात्राओं के हित में अर्थिक रूप से जैसे प्रवेश शुक्ल, परीक्षा शुक्ल में की जाती है।

गणित विभाग द्वारा "Each One teach one" के अंतर्गत छात्राओं को गनपत सिंधी स्कूल में कक्षा 6-10वीं तक के बच्चों को पढ़ाने भेजा गया छात्राओं ने 15 दिन स्कूल जाकर बच्चों के गणित विषय संबंधी समस्याओं को दूर किया।